यौन शक्ति बढ़ाने में कारगर

जायफल का अर्क, तेल या रस या चूर्ण यौन शक्ति बढ़ाने में मददगार है। जायफल के एथेनॉल अर्क के इस्तेमाल करने पर कामेच्छा और शक्ति दोनों बढ़ती है। लेकिन जायफल तेल का इस्तेमाल करने से पहले डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

किडनी और लिवर से निकाले 'जहर'

डिटॉक्सिफिकेशन के लिए जायफल का तेल काफी असरदार है। किडनी और लिवर की सफाई के लिए जायफल का तेल बेहतरीन लिवर टॉनिक की तरह काम करता है। यह शरीर से विषाक्त पदार्थों को निकालकर लिवर को होने वाले नुकसान को रोकने के साथ ही गुर्दे की पथरी होने से बचाता है। जायफल के तेल में मौजूद मिरिस्टिसिन यौगिक लिवर को हेल्दी बनाने का काम करता है।

मसल्स और जोड़ों के खिंचाव से राहत दिलाए

जायफल के तेल का एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण मसल्स में होने वाले खिंचाव और दर्द को कम करता है। साथ ही यह जोड़ों की सूजन से भी राहत दिलाने का काम कर सकता है।

मुंहासे दूर करे, झुर्रियां पास न आएं

जायफल के तेल में एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण होते हैं। ये कील-मुंहासों को कम करने में मदद करते हैं, क्योंकि पिंपल बैक्टीरिया की वजह से होते हैं। साथ ही यह एंटी-इंफ्लेमेटरी की तरह भी काम करता है, जो मुंहासों से प्रभावित हिस्से में होने वाली सूजन को कम करने में मददगार है। रूई में एक बूंद जायफल का तेल डालकर मुंहासे वाली जगह पर लगाएं। इससे मुंहासे और इसके दाग दूर हो जाएंगे। ये झुर्रियों से बचाने में मदद करता है।

जायफल तेल का ऐसे करें इस्तेमाल

जायफल के इस्तेमाल से तो अब तक वाकिफ हो चुके होंगे, लेकिन जायफल के तेल का इस्तेमाल किस तरह से किया जा सकता है, इसके लेकर लोगों में उलझन बनी रहती है।

-जायफल के तेल का इस्तेमाल अरोमा थेरेपी के लिए भी होता है।

-जायफल के तेल का इस्तेमाल फ्लेवर के लिए मिठाई या बेकरी प्रोडक्ट्स में भी होता है।

-जायफल का तेल डिफ्यूजर में डालकर इन्हेल करने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।

-जायफल का तेल सीधे मसूड़ों पर लगाएं। जायफल के तेल से मसाज कर सकते हैं। जायफल तेल की कुछ बूंदों को पानी में डालकर माउथवॉश कर सकते हैं।

जायफल का तेल बनाने का तरीका

जायफल का तेल बाजार में आसानी से मिल जाता है, लेकिन इसे घर में भी बनाया जा सकता है। जायफल का तेल बनाने के लिए जायफल को दरदरा पीसकर इसे एयर टाइट कांच के जार में डाल लें। पिसे हुए जायफल में नारियल या कोई भी तेल मिला लें। इसमें मौजूद तेल को अच्छे से मिलाएं और इसे धूप में कम से कम 48 घंटों के लिए रखें। धूप में रखने के बाद इसे समय-समय पर हिलाते भी रहें। 48 घंटे के बाद इसे छानकर दूसरी बोतल में डाल लें। इस प्रक्रिया को दो बार दोहराएं। यानी तेल छानने के बाद एक बार फिर उसमें आधा कप पिसा हुआ जायफल डालकर धूप में सुखाकर छान लें। घर में बना शुद्ध जायफल का तेल तैयार है।

जायफल का तेल बनाने के तरीके के बाद बात करते हैं, इस तेल से होने वाले नुकसान के बारे में।

जायफल तेल से नुकसान

जायफल तेल के फायदे के साथ ही कई नुकसान भी हो सकते हैं, क्योंकि इसका इस्तेमाल कम मात्रा में ही करना चाहिए। इसका ज्यादा इस्तेमाल नुकसान पहुंचा सकता है।

डिस्क्लेमर-जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल से जायफल तेल के नुकसान भी हो सकते हैं। इस आर्टिकल में मौजूद जानकारी सिर्फ एक सलाह के तौर पर दी गई है। अगर किसी भी तरह की बीमारी या एलर्जी के शिकार हैं तो इस्तेमाल करने से पहले एक्सपर्ट की सलाह लें।

जायफल वाला दूध पीना बेहद फायदेमंद है। जायफल से नींद की क्वालिटी बेहतर बनाई जा सकती है।

दूध में जायफल मिलाकर पीने से भी सेहत को मिलते हैं फायदे। जानें किस समय पीना है ज्यादा फायदेमंद

शरीर में कैल्शियम की कमी हो जाती है या शरीर में प्रोटीन का स्तर बढ़ाना होता है तो दूध या दूध से बनी चीजों को डाइट में शामिल करने की सलाह दी जाती है। दूध और जायफल का एक साथ लेने से कई समस्याओं को दूर कर सकते हैं। एक गिलास दूध में जायफल पाउडर मिलाकर पीना फायदेमंद है। रात में सोने से पहले या शाम के वक्त इसके सेवन से काफी फायदा मिल सकता है।

तनाव को दूर करे

मानसिक समस्याओं को दूर करने में जायफल और दूध बेहद फायदेमंद है। जायफल में एंटी स्ट्रेस गुण होते हैं जो तनाव को दूर करके मूड को फ्रेश रख सकता है।

जायफल की ज्यादा मात्रा नुकसान पहुंचा सकती है

- ड्राई माउथ की समस्या भी हो सकती है।
- गर्मियों में ज्यादा इस्तेमाल नुकसानदायक है।
- गैस्ट्रिक की समस्या से जूझ रहे मरीज दूर रहें।
- घबराहट, उल्टी और मतली जैसी परेशानियां हो सकती हैं।
- इसकी अधिक मात्रा नशीले पदार्थ की तरह असर करती है।
- जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल से दिल की धड़कनें तेज हो सकती है।

डिस्क्लेमर- अपनी डाइट में जायफल को जोड़ने से पहले एक बार एक्सपर्ट की सलाह जरूर लें।

पेट दर्द में जायफल है रामबाण

नींबू, अदरक, गुड़, छाछ के साथ लें, दूर होगी एसिडिटी, लूज मोशन, पेट दर्द की समस्या

पेट दर्द, गैस, कब्ज जैसी पेट की समस्याएं दूर करने का आसान उपाय है जायफल का सेवन, लेकिन इसके लिए इस्तेमाल का सही तरीका और सही मात्रा में सेवन की जानकारी होना जरूरी है। जायफल के इस्तेमाल और फायदे-नुकसान के बारे में बता रहे हैं आयुर्वेदाचार्य डॉ. सिद्धार्थ सिंह।

पेट दर्द में क्यों फायदेमंद है जायफल

अपच की वजह से पेट में दर्द हो सकता है। जायफल का सेवन करने से अपच की समस्या दूर होती है। डाइजेशन सिस्टम बेहतर रहता है। डॉ सिद्धार्थ कहते हैं कि आयुर्वेद में पेट से जुड़ी परेशानियों को दूर करने के लिए जायफल रामबाण माना गया है।

जायफल-नींबू

नींबू पेट में एसिड की परेशानी को दूर करता है। जायफल के साथ नींबू के सेवन से सिर दर्द, माइग्रेन का दर्द और दांत दर्द दूर होता है।

जायफल-सोंठ

जायफल पाउडर में सोंठ मिला लें। 2 चम्मच जायफल पाउडर ले रहे हैं, तो उसमें 1 चम्मच नींबू का रस मि?लाएं। इससे पेट में दर्द की समस्या दूर होगी। इस मिश्रण को आप गुनगुने पानी में मिलाकर पी सकते हैं।

जायफल-शहद

जायफल और शहद पेट दर्द दूर करते हैं। जायफल के चूर्ण को शहद के साथ मिलाकर खाने से गैस और दस्त की समस्या से छुटकारा मिलता है। इसमें थोड़ा घी मिलाकर भी ले सकते हैं।

जायफल-अदरक-दालचीनी-सेंधा नमक

जायफल के साथ अदरक, दालचीनी, सेंधा नमक मिलाएं। इसका सेवन करने से दस्त, पेट में दर्द की समस्या दूर होती है। इस मिश्रण का सेवन गुनगुने पानी के साथ कर सकते हैं।

जायफल-गुड़

गैस्ट्रिक समस्याओं को दूर करने के लिए रोजाना जायफल और गुड़ खा सकते हैं। जायफल, नींबू और गुड़ को मिलाकर चाय बनाकर भी पी सकते हैं।

जायफल-छाछ

पेट दर्द दूर करने के लिए जायफल के पाउडर में छाछ में मिलाएं। छाछ पेट के लिए फायदेमंद है। अपच या गैस की समस्या हो रही है, तो जायफल के साथ छाछ का सेवन फायदेमंद है।

एंटी इन्फ्लेमेटरी गुणों से युक्त जायफल पेट, मसल्स के दर्द और सूजन से छुटकारा दिलाता है

बच्चों के लिए जायफल के फायदे

छोटे बच्चे अक्सर पेट दर्द या मौसमी बीमारियों से परेशान रहते हैं। ऐसे में जायफल की सही मात्रा देकर उन्हें इन समस्याओं से दूर रखा जा सकता है। आइए, जानते हैं कि बच्चों को जायफल कैसे और कितनी मात्रा में दें।

पेट से जुड़ी प्रॉब्लम्स को रखे दूर

अक्सर बच्चों के पेट में गैस बनने लगती है, जिसकी वजह से वो चिड़चिड़े हो जाते हैं। ऐसे में जायफल के सेवन से उन्हें इस समस्या से छुटकारा दिलाया जा सकता है। बच्चों को जायफल देने से पेट में ऐंठन या दर्द से तुरंत आराम मिलता है।

अच्छी नींद के लिए

बच्चों की दूध की बोतल में थोड़ा सा जायफल पाउडर मिला देने से वो शांत हो कर सो जाते हैं। इससे उनके पेट में कोई तकलीफ नहीं होती, जिससे उनकी नींद बीच में टूटती नहीं है।

डाइजेशन की समस्या से छुटकारा

छोटे बच्चों का पाचन तंत्र ठीक से डेवलप न होने के कारण उन्हें अपच की समस्या हो सकती है। ऐसे में ठोस आहार देने से उनके पेट में दर्द, गैस या दस्त भी हो सकता है। दस्त के समय शिशु को जायफल देना कारगर साबित हो सकता है।

सर्दी-खांसी के इलाज में मददगार

जायफल की तासीर गर्म होती है जिससे सर्दी-खांसी कुछ समय में ठीक हो जाती है। ठंड से बचाने के लिए बच्चों को जायफल देना सबसे प्रभावी घरेलू उपचारों में से एक है।

जायफल देने का तरीका

बच्चे की डाइट में जायफल जरूर शामिल करें। जायफल को 1 चम्मच दूध या पानी के साथ पत्थर पर घिसकर पीस लें। इस पेस्ट को बच्चे के दूध, दलिया, अनाज मिलाकर उसे दें।

कितना डोज देना होगा सही

जब तक बच्चा 6 महीने का नहीं हो जाता, तब तक उसे जायफल नहीं देना चाहिए। छह महीने के बाद गर्मियों के मौसम में इसे दिन में एक बार 0.5 मिलीग्राम और सर्दियों में 0.5 मिलीग्राम दो बार दे सकते हैं। बच्चे को जायफल का सेवन कराने से पहले चाइल्ड स्पेशलिस्ट से सलाह लें।

फर्टिलिटी बढ़ाए जायफल

आज की महिलाओं पर करियर बनाने का स्ट्रेस ज्यादा है। इस चक्कर में वो देर से शादी करती हैं और फिर बच्चे के लिए भी उनकी उम्र ज्यादा हो जाती है। उम्र बढ़ने के साथ फर्टिलिटी पावर कम होने लगता है। कंसीव करने में दिक्कत आ रही है, तो कुछ घरेलू नुस्खों की मदद से फर्टिलिटी को बढ़ाया जा सकता है।

जायफल-मिश्री

तीन जायफल और तीन चम्मच मिश्री को पीस कर पाउडर बना लें। आधा-आधा चम्?मच दोनों पाउडर डालकर मिक्स करें। पीरियड्स खत्म होने के पांचवें दिन से रोजाना एक चम्मच पाउडर को पानी के साथ लेना है। एक दिन भी स्किप नहीं करना है। पहली बार जिस समय इसका सेवन कर रही हैं, रोज उसी समय पर इसे खाएं। इसके सेवन के साथ-साथ इस बात का भी ध्यान रखें कि प्रेग्नेंट होने के लिए सही समय पर कोशिश करना भी जरूरी है। पीरियड्स खत्म होने के 11वें दिन से 18वें दिन तक रोज ट्राई करने पर प्रेग्नेंट होने के चांसेस बढ़ जाते हैं।

आयुर्वेद के अनुसार, जायफल नर्वस सिस्टम को शांत करता है और महिलाओं के प्रजनन अंगों में खून के प्रवाह को बढ़ाता है। यही वजह है कि प्रेग्नेंट होने के लिए जायफल का सेवन करने की सलाह दी जाती है।

हार्मोन बैलेंस करे

रोज जायफल खाने से शरीर में हार्मोनल बैलेंस ठीक करने में मदद मिलती है। इससे पीरियड्स, मेनोपॉज, डिप्रेशन, एंग्जायटी जैसी बीमारियों का इलाज भी किया जा सकता है।



आदिम जाति विभाग में जिलाधीशों और आयुक्तों के आदेशों की उड़ाते हैं धज्जियां

प्रदेश के आदिम जाति विभाग में मचा जालसाजियों और भ्रष्टाचार का तांडव

21 आदिम जाति जिलों में चल रहा है भ्रष्टाचार से लूट व बंदरबांट

प्रदेश के 10 संभागों के 21 जिले आदिवासी जिलों की श्रेणी में है। भोपाल उज्जैन ग्वालियर सागर संभागों को छोड़कर 6 संभागों में 21 जिलों मैं केंद्र व राज्य शासन का 20 ज्यादा योजनाओं में हजारों करोड़ खर्च होने उपरांत भी 75 साल की आजादी के बाद भी लक्षित विकास नहीं दिखता। इसके मूल कारणों में चारों तरफ हर कदम मुख्यमंत्री मंत्री प्रधान सचिव से लेकर संभाग आयुक्तों जिलों के कलेक्टरों से लेकर आयुक्त आदिम जाति विकास उपायुक्तों, और आदिम जाति जिलों के सहायक आयुक्त जल साथियों भ्रष्टाचार से लगभग 40 से 50% पैसा हजम कर बंदरबांट करते हैं। इसलिए आदिम जाति जिलों के विकास खंडों से गांवों तक सभी योजनाओं के विकास के साथ गांव में फैले प्राथमिक माध्यमिक विद्यालयों, महाविद्यालयों छात्रावासों में खर्च होने वाला और विद्यार्थियों को बंटने वाली देसी विदेशी अध्ययन के लिए छात्रवृतियों पुरस्कार ऑन आदि में भारी जालसाजी की जाती हैं।



















छात्रावासों में विद्यार्थियों को दिए जाने वाले नाश्ते भोजन के स्तरीय मात्रा और गुणवत्ता नीचे से लेकर न्यूनतम स्तर का खाद्य पदार्थ दूध आदि आपूर्ति कर उसमें भी 25 से 40% तक की कमाई की जाती है। इसीलिए सभी जिलों में आदिवासी बालक बालिका माध्यमिक उच्चतर एवं महाविद्यालयीन छात्रावासों में अधीक्षक बनने के लिए न केवल मोटा पैसा खिलाया जाता है। वरन मासिक चंदा भी जिलों के सहायक आयुक्तों संभाग के उपायुक्तों से लेकर आयुक्त पीएस मंत्री और मुख्यमंत्री तक पहुंचता है। यही कारण है की इंदौर के आदिवासी 6 जिलों में सहायक आयुक्त बनने के लिए मोटा पैसा खर्च कर पूर्व से ही दोषी अधिकारियों को वहां पदस्थ कर दिया जाता है। धार में ही सन 2002 में पदस्थ बीजी मेहता जो एक सांख्यिकीय अधिकारी था वर्षों तक सहायक आयुक्त बनाकर पदस्थ रहा और अरबो रुपए की हेर फेर के सैकड़ो शिकायतें होने के बाद में भी उसको नहीं हटाया गया।

बाद में वही बीजी मेहता मोटा पैसा खर्च कर इंदौर संभाग के ही उपयुक्त बन गए और जाते-जाते रिटायरमेंट से पहले उन्होंने 5-5 लाख रूपए लेकर लगभग 100 से ज्यादा अटैचमेंट धार के स्कूलों में कर दिए। इसमें एक अटैचमेंट संध्या यादव का भी था जो धार के ही भाजपा के नेता की पत्नी है। और उनको भी इसी प्रकार कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास का का अधीक्षक बना दिया गया।

जब यह शिकायत इंदौर के तत्कालीन संभाग आयुक्त संजय दुबे को मिली तो उन्होंने सारे अटैचमेंट रद्द कर दिये। कदम सर इंदौर-धार का बड़वानी के जिला कलेक्टरों ने भी इस प्रकार के सभी अटैचमेंट जो धार के स्कूलों में किए गए थे और धार के स्कूलों के शिक्षकों को इंदौर केआदिम जाति के स्कूलों में उनकी मर्जी के हिसाब

से पैसा लेकर भेज दिया गया था परंतु वेतन उनका मूल विभाग से ही निकल रहा था।

वर्तमान में धार में पदस्थ सहायक आयुक्त आदिम जाति बृजकांत शुक्ला ने खालवा जनपद पंचायत जिला खंडवा रहते हुए 50 लाख 40000 रुपए का तेजस्वी लोक कल्याण एवं शोध संस्थान को बिना किसी कार्य संबंधी पत्रों के निष्पादन के बिना भुगतान कर गवन किया था जिसके अंतर्गत उनको आरोप पत्र क्रमांक 16569 भी दिया गया और निलंबित करने के साथ उनसे लोक सेवा आयोग के पत्र दिनांक 15 9 2013 द्वारा 50 लाख 40000 में से कुर्क राशि 3 लाख 18119 काम कर 47लाख रु. 21881 की वसूली भी की जाने वह संचय प्रभाव से एक वेतन वृद्धि रुकने का भी आदेश दिए जाने के बावजूद यह ब्रजकांत शुक्ला अभी तक लूटो और लुटाओ के दम पर शान से सहायक आयुक्त के पद पर धार मैं पदस्थ है। जबकि इतने बड़े गवन के आरोप में उसे पुनः पदोवनति करके इंदौर संभाग से दूर कहीं शहडोल सिंगरौली जैसे अन्य जिलों में पदस्थ किया जाना चाहिए था।

यही कारण है धार के साथ इंदौर संभाग के 6 जिले अलीराजपुर, झाबुआ, खरगोन, खंडवा, बड़वानी, जबलपुर संभाग के छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, डिंडोरी, उज्जैन, उज्जैन संभाग के रतलाम जिले का सैलाना तहसील व ब्लॉक नर्मदापुरम, बैतूल, शहडोल, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, चंबल संभाग का श्योपुर, रीवा संभाग का सिंगरौली और सीधी आदि 26 जिलों के सहायक आयुक्त न केवल आदिम जाति स्कूलों महाविद्यालयों व उनके छात्रावासों, क्रीड़ागनों जिलों के विकासखंडों व ग्रामीण क्षेत्रों के विकास मैं विभिन्न योजनाओं में हजारों करोड रु की खरीदी निर्माण आदि, छात्रवृत्ति वितरणके विभिन्न माध्यमों सिनर्जी स्कूलों कोचिंग संस्थानों शिक्षण केंद्रों में 20 सेकंड करोड़ का भ्रष्टाचार करते हैं और यह हालत हर आदिम जातीय जिले के सहायक आयुक्त और जिला संयोजकों द्वारा हर स्तर पर खरीदी वितरण संलग्नीकारण स्थानांतरण पदस्थी करके सैकड़ो करोड़ हजम करते हैं और जिसकी बंदर बाट का पैसा छात्रावासों के अद्यीक्षकों से लेकर जिला कार्यालय उसे जिलों के कलेक्टर संभाग आयुक्त आदिम जाति उपयुक्त आयुक्त प्रधान सचिव मंत्री और मुख्यमंत्री तक बढ़ता रहता है इसलिए सब आंख बच कर ऐसे सारे भ्रष्टाचारों को दबाकर अपना हिस्सा हजम करते रहते हैं जो की जनता से पेट्रोल डीजल गैस के साथ 1500 से ज्यादा वस्तुओं पर जीएसटी में लूटा गया धन होता है आखिर नियम कानून क्या लूट और कमाई के साधन ही बन के रहेंगे या उनके अनुसार कार्रवाई कार भ्रष्टों के ऊपर भी कार्रवाई की जाएगी।

खाद्य एवं औषधि विभाग में नमूनों की जांच के नाम मोटी कमाई

पेज 8 का शेष

एनएबीएल गैर-भेदभावपूर्ण तरीके से मान्यता सेवाएं प्रदान करता है। ये सेवाएँ भारत और क्षेत्र के अन्य देशों में चिकित्सा और अंशांकन प्रयोगशालाओं, दक्षता परीक्षण प्रदाताओं और संदर्भ सामग्री उत्पादकों सहित सभी परीक्षणों के लिए सुलभ हैं, चाहे आवेदक सीएबी का आकार या किसी एसोसिएशन या समूह की सदस्यता या पहले से ही सीएबी की संख्या कुछ भी हो। एनएबीएल द्वारा मान्यता प्राप्त। लागू शुल्क के लिए कृपया NABL 100A 'सामान्य सूचना विवरणिका' देखें।

वे अनुशासन और समूह जिनके लिए संबंधित क्षेत्रों में मान्यता सेवाएँ प्रदान की जाती हैं, सूचीबद्ध हैं -

एनएबीएल 120 'परीक्षण और अंशांकन क्षेत्र में उत्पाद समूहों के वर्गीकरण के लिए मार्गदर्शन'

एनएबीएल 112 'चिकित्सा प्रयोगशालाओं के प्रत्यायन के लिए विशिष्ट मानदंड'

एनएबीएल 180 'प्रवीणता परीक्षण प्रदाताओं (पीटीपी) के लिए आवेदन पत्र'

एनएबीएल 190 'संदर्भ सामग्री उत्पादक प्रत्यायन (आरएमपी) के लिए आवेदन पत्र'

एनएबीएल सीएबी, मूल्यांकनकर्ताओं और अपने स्वयं के उपयोग के लिए दस्तावेज़ प्रकाशित करता है। एनएबीएल से बाहर के व्यक्तियों द्वारा उपयोग के लिए बनाए गए सभी एनएबीएल दस्तावेजों को एनएबीएल की वेबसाइट www.nabl-india.org >>publications>> NABL दस्तावेजों पर निःशुल्क देखा जा सकता है।

परंतु 90% में इन एनएबीएल लैबोरेट्रीज में उच्च भौतिक रसायन और जीव विज्ञान शिक्षित समझदार अधिकारियों कर्मचारियों वैज्ञानिकों काउच्च वेतन के कारणअभाव होता है जैसा कि हमने कोरोना काल में देखा था कि अधिकांश पैथोलॉजिकल लेब बीमारियों के नाम पर मोटी कमाई करने के बाद में भी जब उन प्रयोगशाला में जाकर देखा तो ना तो वहां पैथोलॉजिकल एमबीबीएस एमडी डॉक्टर था ना ही कोई उच्च शिक्षित माइक्रो बायोलॉजी का वैज्ञानिक कल तापमान पर सारे के सारे लड़के आठवीं दसवीं पास या फेलबिना साधन के कागजों पर मनचाही रिपोर्ट लिखकर डॉक्टर से हस्ताक्षर करवा कर मोटा पैसा वसूल कर कोरोना की जांचके प्रमाण पत्र बांट रहे थे। वे सभी पैथ लेब भी एनएबीएल संस्थान से मान्यता प्राप्त थी। यह संस्था भी मोटा पैसा लेकर मान्यता प्राप्त की सर्टिफिकेट दे देती है। जिन में उच्च शिक्षित मानव संसाधन का अभाव होने के साथ-साथ प्रयोगशाला की जांच में लगने वाले अन्य जांच उपकरणों, मशीनों, रसायनों आदि तक का अभाव होता है परंतु वे अधिकांश करोड़ों की

प्रयोगशालाएं बड़े-बड़े अधिकारियों और नेताओं के रिश्तेदारों की होती हैं। इसलिए उनको मान्यता दे दी जाती है। जोकि खाद्य फसलों वस्तुओं औषधियों के एक तो नमूनों के सही विश्लेषण नहीं कर पाती, तो दूसरी तरफ वहां सारा खेल पैसे का चलता है पैसा खर्च करो

World Health Organization

और जैसे चाहे इच्छा के अनुकूल प्रमाण पत्र बनवा लो और वे प्रमाण पत्र न्यायालय में भी उचित साक्ष्य के रूप में मंजूर किए जाने की व्यवस्था है चाहे वह कितने भी मानव स्वास्थ्य के लिए घातक क्यों ना हो? तो दूसरी तरफ यह सारा खेल खाद्य एवं औषधि विभाग में बैठे खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं औषधि निरीक्षक जिनके नमूने लिए हैं उनको मोटा पैसा मिल जाने पर और दलाली सिद्ध हो जाने पर वह स्वयं ही प्रयोगशालाओं से खाद्य औषधि के प्रमाण पत्र लेकर उत्पादक को बचाने और फसाने का खेल करते हैं। इंदौर में ही बैठे खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनीष स्वामी रघुवंशी इस खेल में पारंगत है और आपको याद होगा? तत्कालीन कलेक्टर मनीष सिंह ने मनीष स्वामी को निलंबित कर अपने कार्यालय में ही संलग्न कर लिया थाऔर बाद में अनेक को शिकायतें होने पर उसने स्वयं ही मोटा पैसा खर्च कर उज्जैन स्थानांतरण ले लिया था आप पुनः मोटा पैसा खर्च कर चुनाव के पहले ही वह इंदौर आ चुका है और फिर वही छोटे-मोटे व्यापारियों उद्योगों विक्रेताओं के नमूने लेकर मोटे कमीशन पर मध्य प्रदेश के बाहर भी जिसमें महाराष्ट्र के पुणे मुंबई नागपुरवी गुजरात के सूरत, अहमदाबाद, बड़ौदा आदि शहरों की एनएबीएल पंजीकृत प्रयोगशाला में भेजे गए हैं। जिनमें से बहुतों की ऑनलाइन रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है अब विक्रेता उत्पादक चाहे तो अपने उसे माल की जांच दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद की अन्य प्रयोगशाला और करवा सकता है इस प्रकार से यथार्थ में व्यापारी के सांसद विभाग के लोग भी बचाने को बचाने के खेल में मोटा पैसा ऐंठ लेता है व्यापारियों से, मनीष स्वामी और विश्व घातक संगठन के इशारे पर नाचने वाले सरकारी गिरोहों ने लिए थे। उसमें 30 से 40% नमूने भोपाल स्टेट राजकीय प्रयोगशाला में भी भेजे गए जबकि वहां कोई भी बजट नोटिफाईड सरकारी विश्लेषक वर्षों से नहीं है। कनिष्ठ विश्लेषकों से काम करवा कर रिपोर्ट जारी की जा रही है। यही हाल इंदौर के साथ उज्जैन दीवार धार भोपाल ग्वालियर आदि पूरे 52 जिलों का है। यहां बैठे खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को मोटी कमाई करके भोपाल के वरिष्ठ अधिकारियों को भी भेजने के साथ जिलों के कलेक्टर सीएम एचओ को भी महीना देना पड़ता है। जैसा कि खाद्य सुरक्षा और मानव अधिनियम 2006 में व्यवस्था की गई है कि सभी छोटे व्यापारियों को दुकानदार को बाजरो मंदिरों को खत्म करने के लिए लगातार उनके नमूने लिए जाते रहे जबकि दूसरी तरफ बहुराष्ट्रीय कंपनियों यथा वॉलमार्ट अमेजॉन युनिलीवर आईटीसी आदि मोदी के पूंजीपति मित्रों दिन में अडानी अंबानी टाटा बिरला मित्तल आदि के द्वारा किसानों से 10 20% के खरीदे हुए माल को100 से 200% की कीमत पर बेचने के लिए सभी प्रकार के अनाजों दलहन तिलहन तेल बिस्किट आटा दालें मसाले सब्जियां के साथ सभी खाद्य पदार्थों फसलों मैं कीटनाशक व प्रशीतक या प्रिजर्वेटिव्स मिला पैक कर बेंचा जा रहा है। जोकि भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय के खाद्य नियंत्रक द्वारा स्पष्ट किया गया है कि 96.4% पैकेज्ड फूडविभिन्न कीटनाशकों और प्रिजर्वेटिव रसायन मिलने के कारण स्वास्थ्य के लिए अत्यधिक घातक व अनेकों गंभीर बीमारियां उत्पन्न करने वाला होता है। इस संबंध में हम नमक को ही देखे तो हमारे देश में जो टाटा द्वारा 2 करोड रुपए खर्च कर बनवाया गया 1971 का आयोडीन साल्ट एक्ट के अंतर्गत जो आयोडीन नमक बेंचा जा रहा है। जिसके विरुद्ध भाजपा ने 1998 तक लगातार देश में आंदोलन किया जो की देश में ब्रेन हेमरेज हृदय यकृत प्लीहा की निष्क्रियता व अकर्मण्यता का कारण बन बीमारियों का कारण है। भाजपा की सरकार आने पर भी भाजपा ने उस नमक को बंद नहीं किया।

आखिर खाद्य विभाग के पूरे 52 जिलों में बैठे घोर भ्रष्ट जालसाज हरामखोर 200 से ज्यादा खाद्य निरीक्षक सह खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने बड़े-बड़े शॉपिंग मॉल में जाकर आखिर बहुराष्ट्रीय कंपनियों के पैकेज्ड फूड के नमूने क्यों नहीं लेते। क्योंकि उन सब का वहां से महीना बंधा हुआ है। और उनका स्पष्ट निर्देश हैं कि छोटे व्यापारियों उद्योगों दुकान दारों बाजारों मंडियों को खत्म करने के लिए इनको कानूनी जाल में उलझा कर खत्म किया जाए। ताकि यह बहुराष्ट्रीय कंपनियों के शॉपिंग मॉल और उनका बिकने वाला माल के माध्यम से खाद्य सुरक्षा अधिकारियों निगम आयुक्तों कलेक्टर कमिश्नर पुलिस कमिश्नर से लेकर स्वास्थ्य मुख्य व प्रधानमंत्री मंत्री राज्यों के व केन्द्र सरकार के सबको अरबो रुपए का धन उनके वेतन व पद के हिसाब से जब तक नौकरी या पद पर रहेंगे मिलता रहेगा। इसी कारण अब चूंकि देश के तीन बड़े राज्यों में इवीएम की जालसाजी से भेड़िया झुंड पार्टी की सरकार आ चुकी है। और वह बहुराष्ट्रीय कंपनियों की कठपुतली होने के साथ-साथ अपने पूंजीपति मित्रों के लिए पुनः कोरोना का तांडव कर यही खेल दोहराना चाहती है। ताकि सारे छोटे बाजार मंडियां दुकानदार पद मार्गों और ठेले पर सब्जी बेचने व अन्य सामग्री बेचने वालों को सफाई व कानून के माध्यम से आसानी से घर पर बैठाकर इन बहुराष्ट्रीय कंपनी की शॉपिंग मॉल का मोटा फायदा करवाया जा सके। और उसके लिए सरकार ने तत्काल में आप देखिए सफाई के नाम पर किस प्रकार से पूरे देश के अंदर फुटपाथ सफाई के नाम पर ठेले और पग मार्गों पर फल फूल सब्जी बेचने सामग्री बेचने वालों को हटाने का षड़यंत्र किया जा रहा है। यह यथार्थ में सब कुछ विश्व घातक संगठन के इशारे पर किया जा रहा है। और यह सारे खाद्य एवं औषधि निरीक्षक उसकी कठपुतली बन सभी छोटों को खत्म करना चाहते हैं। जहां तक औषधि निरीक्षकों का सवाल है। तो उन्हें भी चूंकि सभी थूक रक्त मल मूत्र वीर्य रज विस्टा आदि की पैथ लेब के साथ-साथ अधिकांश निजी चिकित्सालयों एवं एलोपैथिक औषधि विक्रेताओं ब्लड बैंकों से महीना मिलता है। इसलिए वे किसी भी मेडिकल स्टोर ब्लड बैंक पैथोलॉजी लेब या सरकारी व निजी चिकित्सालय में उनके यहां उपयोग की जा रही औषधीयां इंजेक्शन सर्जिकल उपकरणों आदि कीजांच नहीं करते हैं? क्योंकि सबको सबसे महीना मिलता है इसलिए यह हरामखोर खाद्य एवं औषधि निरीक्षक और उनके कार्यालय सूचना के अधिकार में जानकारी देने के नाम पर भारी नौटंकी करते हैं। और उज्जैन में बैठा औषधि निरीक्षक कुशवाहा घोर भ्रष्ट होने के साथ भारी बदतमीज है। जिसे 3 साल से ज्यादा समय हो जाने के कारण तत्काल में रीवा बालाघाट, भिंड, मुरैना स्थानांतरित किया जाना चाहिए ताकि इसकी यह ऐंठ व बत्तमीजियां वहां की जनता सुधार सके।

सूचना के अधिकार में जानकारी मांगने पर भारी आवेदकों से बदतमीजी के साथ व्यवहार करता है। चूंकि सभी सीएम एचओ को इन खाद्य एवं औषधि निरीक्षकों से अपने पद के व अपीलीय अधिकारी होने के कारण मोटा महीना वसूली करने व मिलने से वह अपने अंतर्गत कार्य कर रहे। क्योंकि वह स्वयं उनके उपसंचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन भी होता है बचाता है। जबकि एमपी एफडीए की साइट खुलती ही नहीं है। और ना ही उस पर17 के साथ जोड़े गए 8, कुल 25 बिंदुओं की जानकारी इस हरामखोर जालसाजों के भ्रस्ट विभाग ने भोपाल के मुख्यालय से ही अभी तक अपलोड नहीं की है। क्योंकि सरकार की खाद्य एवं औषधि प्रयोगशाला मैं ना तो पूरा स्टाफ है ना वरिष्ठ अनुभवी विश्लेषक, फिर भी नैनो की जांच वर्षों से चल रही है उसे पर कार्रवाई भी हो रही है परंतु सारा खेल जिलों में बैठे वरिष्ठ खाद्य एवं औषधि निरीक्षक धन ले दे कर वर्षों से बचाने और फंसाने का खेल कर मोटी कमाई करते आ रहे हैं।

साप्ताहिक समय माया

चारों तरफ हर विभाग में पूरी सफाई और बदलाव की जरूरत

भारतीय प्रताड़ना सेवा के पीएस घोर धूर्त भ्रष्टों के बदलें विभाग

दीपाली रस्तोगी, राजेश राजौरा, सुलेमान, एसएन मिश्रा वर्षों से कुंडली मारे कर रहे राजस्व चौपट

प्रदेश सरकार पूर्व से ही रुपए 300 लाख 50 हजार करोड़ के कर्ज में डूबी हुई है और फिर आते ही रु.2000 करोड़ का कर्ज और लिया जा रहा है। तो आखिर ऐसा क्या हो रहा है जबकि 10 लाख कर्मचारी दैनिक वेतन भोगी संविदा और आउटसोर्स पर काम कर जिन्हें मात्र 8 से रु.10000 वेतन दिया जा रहा है। दूसरी तरफ पेट्रोल, डीजल, गैस व शराब पर अभी भी वेट लग रहा है और पेट्रोल डीजल गैस पर 40% तक और शराब पर तो लगभग 150 से 200% तक का टैक्स वसूल किया जा रहा है। सभी शासकीय विभागों में मात्र 20 से 30% स्टाफ रह गया है तो उनका वेतन भी बच रहा है बेशक जो अपने मित्रों के फायदे के लिए शिवराज सिंह चौहान ने इंदौर और भोपाल में 25-25000 करोड रुपए की जो मेट्रो ट्रेन का मोटे कमीशन का खेला किया। अनावश्यक रूप से प्रदेश भर में जो ओवर ब्रिज बनकर मोटे कमीशन के लिए खेल किया जा रहा है उसको भी तत्काल रुक जाना चाहिए बड़ी परियोजनाओं में जो जल संसाधन विभाग और नर्मदा घाटी में लगभग एक से डेढ़ लाख करोड रुपए की चल रही है उनमें से जल संसाधन विभाग की योजनाओं को लंबित किया जा सकता है जहां तक नर्मदा घाटी का सवाल है तो उसकी समय सीमा अक्टूबर 2025 तक बढ़ा दी गई है। उसके पूर्व आपको 18.25 एमसीएम नर्मदा के अपने हिस्से के पानी का उपयोग बांध बना नहरें पाइप लाइन बिछा कर करना अति आवश्यक है। अन्यथा बचा हुआ पानी गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उपयोग में लेने के अधिकारी हो जाएंगे। परंतु सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता इस बात की है की मध्य प्रदेश जल संसाधन विभाग प्रदेश भर में बन रही वृहद मध्यम और लघु उद्वहन जल परियोजनाओं के साथ अन्य सभी परियोजनाओं की बारीकी से समीक्षा करें काफी कुछ पैसा बचाने के साथ-साथ जितना पैसा लग चुका हैउन सब का सबसे पहले उत्पादक उपयोग करें अर्थात सबसे पहले नहरों में पानी चलाएं और वह पानी किसानों को वर्षा के अतिरिक्त वर्ष भर नियमित रूप से मिलता रहेगा तो कृषि की फसलें वर्ष भर मिल सकती है। इससे प्रदेश और देश मैं कृषि फसलों की बारह मासी उत्पादकता बढ़ाने से किसानों की आय बढ़ने पर उनकी क्रय शक्ति बढ़ने से खाद्य वस्तुओं से संबंधित सभी प्रकार के व्यवसाय को भी पर्याप्त रोजगार और लाभ मिलता रहेगा। इससे सरकार को करों के माध्यम से आय बढ़ाई जा सकती है। वर्तमान में प्रधान सचिव मध्य प्रदेश वाणिज्य कर आबकारी व पंजीयन महिला बाल विकास की दीपाली रस्तोगी काफी लंबे समय से कुंडली मारे बैठी हुई है। और वाणिज्य कर विभाग को बर्बाद करने पर तुली है। तत्काल प्रभाव से उनको हटाकर प्रदेश के सभी 40 से ज्यादा अंतर राज्यीय वाणिज्य कर नाकों पर पुनः चौकियां खोल प्रदेश से बाहर जाने वाले और प्रदेश में आने वाले माल की बारीकी से जांच कर कर छोरी को रोका जाना चाहिए दूसरी तरफ वाणिज्य कर विभाग की 6 से ज्यादा एंटी विजन विंग जो पिछले 2 साल से केवल कार्यालय इन कार्य में व्यस्त हैं उनको खुले में माल भाग पकड़ने की छूट दी जानी चाहिए ताकि वह मालवा आंखों से प्रदेश में आ रहे और प्रदेश से बाहर जा रहे माल पर जांच कर धारा 6871 के अंतर्गत कर शास्ती अधिरोपित कर एक तरफ ट्रांसपोर्टरों में बिना बिल बिल्टी या एक ही बिल्टी पर दो-तीन तीन बार माल लाने ले जाने की जालसाजियां रोकी जा सकें। ताकि प्रदेश का राजस्व बढ़ाया जा सके प्रदेश के राजस्व बढ़ाने के मामले में आबकारी और पंजीयन भी भारी जालसाजियां कर और राजस्व को क्षति पहुंचाते हैं उनके ऊपर भी कड़ी रंगरानी होनी चाहिए जितनी भी फैक्ट्री से देसी विदेशी शराब बन रही है उन सबके ऊपर भी कड़ी निगरानी रख एक ही बिल्टी पर तीन-तीन चार ट्रक शराब का परिवहन कर राजस्ब हानि पहुंचाई जाती है। पंजीयन विभाग में बैठे हुए पूरे प्रदेश भर में दो सौ से ज्यादा उपपंजीयकों को अधिकांश उप पंजीयक वर्षों से एक ही स्थान पर जमे रहकर दलालों के हाथ की कठपुतली बन एक तरफ मोटी कमाई करते हैं। तो दूसरी तरफ भारी राजस्व की मोटी हानि करते हैं। इंदौर में ही अकेले 13 से ज्यादा उपपंजीयक में से अधिकांश वर्षों से एक ही स्थान पर कुंडली मारे बैठे हैं। जिन्हें तत्काल बदल जाना चाहिए। ताकि बहुराष्ट्रीय कंपनियों के माल पर जो कि गांव की दुकानों से लेकर शहरों की शॉपिंग मॉल तक में भारी मात्रा में बिकता है भारी टैक्स चोरी की जाती हैजिन्हें तत्काल पकड़ा जाना चाहिए। वाणिज्य कर आयुक्त लोकेश जाटव को भी बदला जाना चाहिए। क्योंकि अभी विभागीय काम को फैलाने और समेटने में ही स्वयं वह पूरे स्टाफ कोव्यस्त रखते हैं। जिससे राजस्व की भारी हानि हो रही है। क्योंकि राज्य को चलाने के लिए आए बढ़ाना ज्यादा जरूरी है अपेक्षाकृत कर्ज लेकर क्योंकि कर्ज को चुकाना भी पड़ेगा ब्याज के साथ और कब तक कर्ज लेकर सट्टा चलाई जा सकती है इस बात को नए मुख्यमंत्री को समझना होगा। मनीष सिंह, सुलेमान, राजेश राजौरा, एसएन मिश्रा के वर्षों से एक ही विभागों में बैठकर मोटी कमाई और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। इनके ही नहीं वरन् सारे कलेक्टर, कमिश्नर, आयुक्त सचिव, प्रधान सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव के पद संभाले हुए सारे आइएएस के 6 महीने की कॉल डिटेल निकलवा कर मालूम किया जाना चाहिए कि उन्होंने कितने हजार करोड़ देश और विदेश में निवेशित कर रखा है। ये जिस विभाग में भी रहे वहां भारी भ्रष्टाचार का तांडव कर धनार्जन किया। कुछ पुराने अधिकारियों पर जो जांचें लंबित है उन पर भी फाइलें खुलकर लोकायुक्त आर्थिक कन्वेंशन ब्यूरो को कार्रवाई करने मुकदमा चलाने की तत्काल आज्ञा दी जानी चाहिए ताकि दूसरे आईएएस अधिकारियों को सबक मिले और वह भ्रष्टाचार को न्यूनतम कर प्रदेश में सार्वजनिक योजनाओं में खर्च किए जा रहे धान का पूरा फायदा जनता को मिल सके और उसे उत्पादकता बढ़ सके। इसका ख्याल रखा जाना चाहिए। **(शेष पेज 5 पर)**

देश प्रदेश का पूरा खाद्य एवं औषधि विभाग विश्व स्वास्थ्य घातक संगठन की कठपुतली

खाद्य एवं औषधि विभाग में नमूनों की जांच के नाम मोटी कमाई

90% एनएबीएल लैब्स में पर्याप्त साधन ही नहीं, करती हैं फर्जीवाड़े से मोटी कमाई

विश्व स्वास्थ्य घातक संगठन एवं विश्व घातक व्यापार संगठन दोनों ही अमेरिकी संगठन जो कि अमेरिकी यूरोपियन, वॉलमार्ट, अमेजॉन, युनिलीवर जैसी अनेकों शैलेकारी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के छल कपट भ्रष्टाचार जालसाजियों से अन्य राष्ट्रों के प्राकृतिक एवं मानव निर्मित संसाधनों पर कब्जा करने के लिए वहां की सरकारों को वित्तीय सहायता व कर्ज दे उलझाकर कानून बनवाती है और अपना माल सेवाये बेंचने के लिए से व्यवसाय संवर्धन के लिए ही चलाई जाती हैं। उन्होंने ही सरकारी नियमों कानून और चंगुलों से बचने के लिए हमारे देश की कठपुतली सरकार पर निकॉन जालसाजी पूर्ण नियम कानून ठोकने के साथ भारत में भी और राष्ट्रीय परीक्षण और अंश शोध प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड की स्थापना कर जो की नेशनल एक्रेडीशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लैबोरेट्रीज यह भारतीय गुणवत्ता परिषद अर्थात एक क्वालिटी काउंसिल आफ इंडिया केअंतर्गत चलता है। जिसके प्रस्तावना में निम्नानुसार लिखा गया है।

परिचय

परीक्षण और अंशांकन प्रयोगशालाओं के लिए राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) एक मान्यता निकाय है, इसकी मान्यता प्रणाली आईएसओ / आईईसी 17011 के अनुसार स्थापित की गई है। 'अनुरूपता मूल्यांकन - अनुरूपता मूल्यांकन निकायों को मान्यता देने वाले प्रत्यायन निकायों के लिए आवश्यकताएँ।' एनएबीएल इन्हें स्वैच्छिक मान्यता सेवाएं प्रदान करता है:

आईएसओ/आईईसी 17025 के अनुसार परीक्षण प्रयोगशालाएँ 'परीक्षण और अंशांकन प्रयोगशालाओं की क्षमता के लिए सामान्य आवश्यकताएँ'

आईएसओ/आईईसी 17025 के अनुसार अंशांकन प्रयोगशालाएँ 'परीक्षण और अंशांकन प्रयोगशालाओं की क्षमता के लिए सामान्य आवश्यकताएँ'

आईएसओ 15189 के अनुसार चिकित्सा परीक्षण प्रयोगशालाएँ 'चिकित्सा प्रयोगशालाएँ - गुणवत्ता और क्षमता के लिए आवश्यकताएँ'

आईएसओ/आईईसी 17043 के अनुसार प्रवीणता परीक्षण प्रदाता (पीटीपी) 'अनुरूपता मूल्यांकन - दक्षता परीक्षण के लिए सामान्य आवश्यकताएं' और

आईएसओ 17034 के अनुसार संदर्भ सामग्री उत्पादक (आरएमपी) 'संदर्भ सामग्री उत्पादकों की क्षमता के लिए सामान्य आवश्यकताएं'।

एनएबीएल परीक्षण और अंशांकन प्रयोगशालाओं (आईएसओ/आईईसी 17025), चिकित्सा परीक्षण प्रयोगशालाओं (आईएसओ 15189), प्रवीणता परीक्षण प्रदाताओं (पीटीपी) (आईएसओ/आईईसी 17043) की मान्यता के लिए आईएलएसी के साथ-साथ एपीएसी का पारस्परिक मान्यता व्यवस्था (एमआरए) हस्ताक्षरकर्ता है। और संदर्भ सामग्री उत्पादक (आरएमपी)।

ऐसा एमआरए व्यापार में तकनीकी बाधा को कम करता है और उन देशों के बीच परीक्षण/अंशांकन परिणामों की स्वीकृति की सुविधा प्रदान करता है जिनका एमआरए भागीदार प्रतिनिधित्व करते हैं।

एनएबीएल की स्थापना सरकार, उद्योग संघों और उद्योग को सामान्य रूप से अनुरूपता मूल्यांकन निकाय की मान्यता की एक योजना प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है जिसमें चिकित्सा और अंशांकन प्रयोगशालाओं, दक्षता परीक्षण प्रदाताओं और संदर्भ सामग्री उत्पादकों सहित परीक्षण की तकनीकी क्षमता का तीसरे पक्ष का मूल्यांकन शामिल है। प्रत्यायन प्रक्रिया का विवरण NABL 100B 'प्रत्यायन प्रक्रिया और प्रक्रिया' में प्रदान किया गया है।

एनएबीएल स्व-वित्तपोषण है और परिचालन लागत और अन्य व्यय को कवर करने के लिए अनुरूपता मूल्यांकन निकायों से शुल्क लेता है।

(शेष पेज 7 पर)

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक- अजमेरा एस.पी. कुमार द्वारा अपनी दुनिया प्रिंटर्स, 13 प्रेस कॉम्पलेक्स, ए.बी. रोड, इंदौर से मुद्रित एवं 299, अम्बेडकर नगर, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
संपादकः अजमेरा एस.पी. कुमार, मो. 9425125569, भोपाल प्रतिनिधि- एस.के. भारद्वाज मो. 9425637958